हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 12 जुलाई 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 जेसीबी की टक्कर से युवक की मौत पर हंगामा



## खबर संक्षेप

### उत्कर्ष योजना के तहत मेरिट सूची जारी, काउंसलिंग 14 को

**अम्बिकापुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, रायपुर द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित चयन परीक्षा की अंतिम मेरिट सूची जारी कर दी गई है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि योजना के अंतर्गत चयन परीक्षा का आयोजन 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक प्रयास आवासीय विद्यालय, घंघरी, अम्बिकापुर में किया गया था। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात अभ्यर्थियों को 9 जुलाई को सायं 3 बजे तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया था, लेकिन निर्धारित अवधि में कोई भी दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं हुई। दावा-आपत्ति की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद वरियता के आधार पर अंतिम मेरिट सूची जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी यह सूची कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, अम्बिकापुर के सूचना पटल तथा सरगुजा जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। अंतिम मेरिट सूची के अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग के 1 विद्यार्थी एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के शीर्ष 40 विद्यार्थियों की काउंसलिंग 14 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे से कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, अम्बिकापुर में आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त ने पात्र विद्यार्थियों एवं उनके पालकों से निर्धारित समय पर काउंसलिंग में उपस्थित होने कहा है।

### वेतन निर्धारण, पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु शिविर 22 को

**बलरामपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशन में लंबित वेतन निर्धारण, पेंशन एवं समयमान प्रकरणों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से 22 जुलाई को संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन, अम्बिकापुर की उपस्थिति में लंबित प्रकरणों का परीक्षण कर उनका निराकरण किया जाएगा। शिविर के माध्यम से कर्मचारियों एवं पेंशनरों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जिला कोषालय अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों, पेंशनरों एवं कार्यालय प्रमुखों से आह्वान किया है कि वे अपने लंबित वेतन निर्धारण, पेंशन एवं समयमान से संबंधित प्रकरणों के आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित तिथि एवं समय पर शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण अवश्य कराएं।

### संदिग्ध दस्तावेजों पर मेडिकल एजेंसी का लाइसेंस निरस्त

**सूरजपुर।** औषधि अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के लिए संदिग्ध दस्तावेज प्रस्तुत करने के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए मेसर्स आर.डी. लक्ष्मी मेडिकल एजेंसी, भैयाथान रोड, सूरजपुर का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। जानकारी के अनुसार, राधेश्याम गुप्ता द्वारा प्रस्तुत शिकायत पत्र के माध्यम से उक्त मेडिकल एजेंसी के विरुद्ध संदिग्ध दस्तावेजों के आधार पर औषधि लाइसेंस प्राप्त करने की शिकायत कार्यालय को प्राप्त हुई थी। शिकायत के आधार पर संबंधित प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विभाग द्वारा सभी अभिलेखों, शिकायत आवेदन तथा उपलब्ध दस्तावेजों का विस्तृत परीक्षण किया गया। जांच के दौरान मेसर्स आरडी लक्ष्मी मेडिकल एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। फर्म द्वारा प्रस्तुत उत्तर, विभिन्न विभागीय अधिकारियों के अभिमत एवं प्रतिवेदन के सम्यक परीक्षण के उपरांत यह पाया गया कि प्रकरण में अनियमितताएं पाई गई हैं। उक्त सभी तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 तथा नियमावली 1945 के तहत नियमानुसार कार्रवाई करते हुए मेसर्स आर.डी. लक्ष्मी मेडिकल एजेंसी का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है।

# पेटला सहकारी समिति के तत्कालीन प्रबंधक पर आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

केरजू सहकारी समिति के मैनेजर द्वारा आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने पेटला सहकारी बैंक के तत्कालीन प्रबंधक के खिलाफ हत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। जांच के दौरान इस बात की पुष्टि हुई कि तत्कालीन मैनेजर ने गलत तरीके से 52 लाख रूपए फर्जी केसीसी लोन के रूप में निकाले थे। निकाले और लौटा नही रहा था। इसी बात से सहकारी समिति के मैनेजर तनाव में थे और फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली।

- सहकारी समिति के मैनेजर ने लगाईं थी फांसी, गलत तरीके से निकाले थे 52 लाख

बता दें कि सीतापुर मुलाजिमपारा निवासी 55 वर्षीय दिनेश गुप्ता आ. जवाहर लाल गुप्ता केरजू सहकारी समिति में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे और अपने काम को लेकर काफी तनाव में थे। 25-26 दिसम्बर 2025 की दरमियानी रात दिनेश गुप्ता ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। सहकारी समिति के मैनेजर द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना के बाद हड़कंप मच गया था। इस दौरान समिति में फर्जी केसीसी के आधार पर बड़े पैमाने पर राशि आहरित करने की बात सामने आई थी। पुलिस द्वारा इस मामले में जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने मृतक की पत्नी श्रीमती सुनीता गुप्ता का बयान दर्ज किया। इस दौरान यह बात समाने आई कि मृतक दिनेश गुप्ता के केरजू आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक पद पर कार्य करने के दौरान तत्कालीन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा पेटला के तत्कालीन शाखा प्रबंधक भूपेन्द्र सिंह परिहार ने मृतक दिनेश गुप्ता को सामने रखकर 52 लाख रूपए की राशि हेराफेरी कर निकाल ली थी और उक्त राशि को लौटा नहीं रहा था। इसी कारण से दिनेश गुप्ता काफी परेशान था। सहकारी समिति के पैसों को मांगने पर भूपेन्द्र सिंह परिहार खुद को मुखिया बताकार धमकाता था और नौकरी से निकालने की धमकी देता था। रूपए के गबन और नौकरी से निकालने की धमकी के कारण दिनेश गुप्ता मानसिक रूप से प्रताड़ति था और फास्नी लगाकर आत्महत्या कर ली। मर्ग जांच में इस बात की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने आरोपी तत्कालीन शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा पेटला 48 वर्षीय भूपेन्द्र सिंह परिहार के खिलाफ बीएनएस की धारा 108, 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### हुई थी 1.92 करोड़ फर्जी ऋण आहरण की पुष्टि

बता दें कि इस मामले में लगभग दो करोड़ के फर्जी ऋण आहरण की पुष्टि हुई थी। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम सीतापुर की अध्यक्षता में गठित संयुक्त जांच दल द्वारा की गई जांच में 127 किसानों के नाम पर फर्जी हस्ताक्षर कर कुल 1 करोड़ 92 लाख 82 हजार 006 रूपए के आहरण की बात सामने आई थी। जांच प्रतिवेदन के आधार पर तत्कालीन प्राधिकृत अधिकारी मदन सिंह, जोगी राम, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक एवं प्राधिकृत अधिकारी सैनाथ केरकेट्टा, तात्कालिक शाखा प्रबंधक भूपेन्द्र सिंह परिहार, सहायक लेखापाल शिवशंकर सोनी, कैशियर श्रीमती ललिता सिन्हा, सामान्य सहायक सुमित कुमार एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर दीपक कुमार चक्रधारी को का नाम उक्त अनियमितता के लिए सामने आया था। इस मामले में कलेक्टर अजीत वसंत ने सभी आठ अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ अपराध दर्ज कराने के भी निर्देश दिए थे।

## एक साल पहले भारी बारिश में टूट गया था बांध

# लुत्ती बांध निर्माण के लिए करना होगा इंतजार विभाग ने भेजा 10.84 करोड़ का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लुत्ती बांध के पुनर्निर्माण को लेकर प्रशासन और शासन ने पहल की गई है। लुत्ती जलाशय योजना 2026-27 के बजट में शामिल किया गया है। बांध निर्माण के लिए 10 करोड़ 84 लाख रूपए का प्रस्ताव भेजा गया है। हालांकि राशि की स्वीकृति और निर्माण कार्य शुरू होने में लंबा समय लगेगा। फिलहाल इस बार क्षेत्र के लोगों को सिंचाई व निस्तार के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। वहीं बारिश के समय पहाड़ से उतरने वाला पानी भी नहीं रुक पाएगा।

**खास बात**
- क्षेत्र के लोगों को करनी पड़ रही मशक्कत

बता दें कि बलरामपुर जिले के तातापानी के समीप ग्राम धनेशपुर में 2 सितम्बर 2025 की रात मूसलाधार बारिश ने जमकर कहर बरपाया। तातापानी से लगे ग्राम बिश्रामनगर में आफत की बारिश के कारण धनेशपुर में स्थित चार दशक पुराना लुत्ती बांध टूट गया। बांध टूटने के साथ ही पानी सैलाब बनकर निकला और जमकर तबाही मचाई। बाढ़ की शक्ल में निकले बांध के पानी ने रास्ते में पड़ने वाले घरों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दो घर पूरी तरह से बह गए जबकि कुछ अन्य घरों को भी नुकसान हुआ। इस प्राकृतिक आपदा में कुल 11 लोग बह गए जिसमें से 7 लोगों की मौत हो गई है जबकि चार लोग घायल हुए। हादसे में मरने वालों में से ज्यदातर महिलाएं और बच्चे थे। पानी में बहे महिलाओं बच्चों को खोजने के लिए एसडीआरएफ, होमगार्ड के साथ ही एनडीआरएफ की टीम ने कई दिनों तक रेस्क्यू अभियान चलाया। इधर बांध के टूटने के बाद पानी पूरी तरह से खाली हो गया। इस बांध से लगभग 200 हेक्टयेर में सिंचाई होती है। चूंकि इस बांध से क्षेत्र के लोगों को सिंचाई व निस्तार के लिए पानी मिलता था और एक साल पहले बांध टूटने के बाद से सिंचाई कार्य के साथ ही सबकुछ प्रभावित है। ऐसे में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



एक साल पूर्व क्षतिग्रस्त लुत्ती बांध।

### भेजा गया है प्रस्ताव

लुत्ती जलाशय योजना 2026-27 के बजट में शामिल किया गया है। और पूर्व मे ही क्षतिग्रस्त जलाशय के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य के लिए प्राक्कलन तैयार कर प्रशासकीय स्वीकृति हेतु राज्य शासन को प्रेषित किया गया है। कलेक्टर ने स्वयं इस संबंध में उच्च अधिकारियों से चर्चा की है। उन्होंने बताया कि स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत जलाशय के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

-एनपी डहरिया, ईई, जल संसाधन विभाग

### कलेक्टर ने की सचिव से बात

बताया जा रहा है कि लुत्ती बांध के निर्माण हेतु कलेक्टर बलरामपुर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने सचिव बात की है। इसके साथ ही जल संसाधन विभाग द्वारा बांध के निर्माण हेतु 10 करोड़ 84 लाख रूपए का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इस बांध में वेस्ट वियर, सूट फाल, नहर मरम्मत के साथ ही बांध मरम्मत के कार्य किए जाने है। बड़ी बात यह है कि इस बांध में पहाड़ से उतरने वाला पानी भरता है लेकिन इस बार बांध में पानी नहीं भर पाएगा और बह जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि शासन से राशि मिलने के बाद अगले साल बांध के मरम्मत और जीर्णोद्धार का कार्य शुरू किया जाएगा.

### इनकी हुई थी मौत

विदित हो कि लुत्ती बांध के टूटने से सैलाब में तीन घर बुरी तरह से चपेट में आ गए थे। इस घटना में 61 वर्षीया बतसिया पति राम वृक्ष, उसकी गर्भवती बहुओं 35 वर्षीया चिंता पति सजीवन सिंह, 38 वर्षीया रजन्ती पति गणेश सिंह और 6 वर्षीया प्रिया आ. सजीवन, 6 वर्षीय बालक कार्तिक आ. गणेश, 60 वर्षीय जीतन आ. बन्धारी सिंह व 3 वर्षीया वंदना सिंह की मौत हो गई थी। इसके साथ ही किसानों की फसल तबाह हो गई। मवेशी बाढ़ में बह गए।।

# सीएचसी उदयपुर की जीवन दीप समिति और ट्रांजिट हास्टल में बड़े पैमान पर गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले के उदयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जीवन दीप समिति और ट्रांजिट हास्टल में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। सीएचसी में वर्षो से अधिकारियों की मिलीभगत से कर्मचारी शासकीय राशि के गबन में शामिल थे और राशि जीवन दीप समिति के खाते में जमा करने के बदले निजी खातों, बीएमओ के खातों में जा रहे थे। इतना ही नहीं जीवन दीप समिति से की गई खरीदी में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई। बिना अनुमोदन के खरीदी करने साथ ही खरीदे गए सामग्रियों का कोई रजिस्टर संधारण नहीं किया गया। अब इस मामले में संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने अस्पताल के लिपिक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है इसके साथ ही बीएमओ पर कार्रवाई के लिए संभागायुक्त को अनुशंसा की गई है।

- वित्तीय अनियमितता पर लिपिक निलंबित, बीएमओ के खिलाफ संभागायुक्त को की गई अनुशंसा

बताया जा रहा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर में लम्बे समय से जीवन दीप समिति से की जा रही खरीदी और आने वाली राशि के साथ ही ट्रांजिट हास्टल से आने वाली राशि में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही थी। इस गड़बड़ी की शिकायत पूर्व में संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं से की गई थी और इस मामले की जांच में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की पुष्टि भी हुई थी। संभागीय संयुक्त संचालक ने उस समय कार्रवाई की अनुसंशा की थी लेकिन उस समय फ़ाइल दब गई। अब फिर से मामले की शिकायत पीएमओ में की गई थी जिसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर सीएमएचओ सरगुजा को इस मामले की जांच करनी पड़ी। जांच में पुष्टि हुई कि सीएचसी उदयपुर में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 लिपिक दीपक कुमार पैकरा दवारा जीवन दीप समिति और ट्रांजिट होस्टल में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता की गई है। होस्टल में आने वाली किराए की राशि जीवन दीप समिति के खाते में नहीं जाकर बीएमओ और निजी खतों में जा रही थी। इसके साथ ही अस्पताल में एक अन्य कर्मचारी का क्यों आर कोड भी लगा हुआ था जिसमें राशि जा रही थी। जीवनदीप समिति से की गई खरीदी में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई और बिना अनुशंसा के खरीदी हुई। इस पूरे मामले में लिपिक के साथ ही अन्य कर्मचारियों के नाम आने की बात कही जा रही है। इसके साथ ही इस गड़बड़ी में बीएमकी की संलिप्तता की संभावना है क्यों की उसकी जानकारी के बिना इतनी बड़ी गड़बड़ी संभव नहीं है। यही वजह है कि संभागीय संयुक्त संचालक डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने पिलिक दीपक कुमार पैकरा को निलंबित करने के साथ ही बीएमओ के खिलाफ कार्रवाई हेतु संभागयुक्त को अनुशंसा की है।

हालांकि इस मामले में अभी और भी नाम सामने आने की बात कही जा रही है जबकि इस तरह के मामलों के नियमानुसार अपराध दर्ज होना चाहिए लेकिन अधिकारी सिर्फ निलंबन की कार्रवाई तक ही सिमिति है।

### शराब के नशे में युवक चढ़ गया हाई वोल्टेज टावर पर

**वाड्रफनगर।** पत्नी से विवाद के बाद एक युवक हाईटेंशन टावर पर चढ़ गया। इस दौरान युवक ने जमकर हंगामा किया। युवक पत्नी को वापस बुलाने की मांग कर रहा था। घंटों चले हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद पुलिस ने समझा बुझाकर युवक को नीचे उतारा और पकड़कर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि वाड्रफ नगर चौकी अंतर्गत ग्राम लोधी निवासी 22 वर्षीय अंटू अगरिया आ. संजू अगरिया ने प्रेम विवाह किया है। विवाह के बाद भी शराब पीने के बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद होता रहता है। हाल ही में विवाद के कारण पत्नी घर छोड़कर चली गई थी जिसके बाद युवक क्षुब्ध हो गया। सनकी युवक शराब के नशे में धुत होकर गांव के पास से गुजरी हाई वोल्टेज लाइन के टावर पर चढ़ गया। युवक काफी ऊंचाई पर चढ़ गया और शोर मचा रहा था। युवक अपनी पत्नी को वापस बुलाने की मांग कर रहा था। इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घंटों समझाइश दी जिसके बाद युवक को देर शाम नीचे उतारा गया। फिलहाल युवक को पुलिस ने पिता के सुपुर्द कर दिया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।



# जमीन विवाद और घर बनाने को लेकर ग्रामीण की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जमीन विवाद को लेकर मारपीट से घायल युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने मारपीट के बाद घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया और फरार हो गया था। लखनपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुन्नी चौकी अंतर्गत तिरकेला दोगाडांडपारा निवासी धुंधूराम मझवार ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसके चचेरे बड़े भाई तिरकेला ठेपापारा निवासी कामेश्वर मझवार 26 जून को तबीयत खराब होने पर उपचार के लिए लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था इस दौरान 27 जून को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

- जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

कामेश्वर की मौत मारपीट के कारण हुई थी। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर पीएम कराया था। पीएम में कामेश्वर की मौत गंभीर चोट के कारण होने की बात कही गई थी। पुलिस की जांच में धुंधुराम मझवार ने बताया कि 26 जून को कामेश्वर का गांव के फुटकु मझवार से विवाद हुआ था। इस दौरान फुटकु ने कामेश्वर की लात मुक्का से बेदम पिटाई की थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फुटकु ने ही कामेश्वर को उपचार के लिए लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया था और उपचार कराने के लिए बोलकर फरार हो गया। उपचार के दौरान घायल युवक की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने तिरकेला ठेपापारा निवासी 40 वर्षीय फुटकु मझवार आ. स्व.बंधू मझवार को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि जमीन विवाद और घर बनाने की बात को लेकर हुए झगड़े के दौरान उसने आक्रोशित होकर कामेश्वर मझवार की पिटाई की थी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी फुटकु मझवार को बीएनएस की धारा 103 (1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर सम्पत पोटाई, प्रधान आरक्षक सतीश कुमार, बलभद्र ठाकुर, आरक्षक राजेंद्र तिर्की, जगेश्वर बघेल, चंचलेश सोनवानी सक्रिय रहे।



## नर्मदापुर-बिजलहवा मार्ग पर शुक्रवार की रात हुई दुर्घटना

# मैनपाट में भीषण सड़क हादसा, बाइक सवार तीन लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

मैनपाट के कमलेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत नर्मदापुर-बिजलहवा मार्ग में शुक्रवार रात करीब 8 बजे तेज रफ्तार दो बाइक सवार के बीच आमने सामने टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में दो युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल तीसरे युवक ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर चोरकीडीह निवासी अर्जुन विश्वकर्मा (20 वर्ष) अपने ससुराल बरीमा जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार नर्मदापुर से बिजलहवा मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी सामने से आ रहे वंदना निवासी गुड्डू माझी आ.धनाराम (18 वर्ष) जो अपने साथी सीतापुर अंतर्गत ग्राम कोट मलसायपारा निवासी विफन राम आ. कुतल साय ( 32 वर्ष) के साथ वंदना जा रहा थे तभी दोनों बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अर्जुन विश्वकर्मा व गुड्डू माझी की मौके पर ही मौत हो गया था जबकि विफन राम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस ने घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने अर्जुन व गुड्डू को मृत घोषित कर दिया वहीं गंभीर रूप से घायल विफन राम को रेफर कर दिया। घायल को तत्काल एंबुलेंस ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। इस हादसे में दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए। इधर हादसे की जानकारी होने पर घटना स्थल देखने गए बिजलहवा निवासी रामायण चौधरी 50 वर्ष घर वापसी के दौरान दुर्घटना का शिकार हो गए। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। इस सड़क हादसे के तीनों युवकों के परिवारों में शोक का माहौल है। फिलहाल कमलेश्वर पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।







# सड़क किनारे पेड़ से टकराई श्रद्धालुओं से भरी कार, 1 की मौत, 7 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिला अंतर्गत चलगली क्षेत्र के मशहूर धार्मिक स्थल बच्छराज कुंवर धाम पहुंचे श्रद्धालुओं की कार मानिकपुर जंगल में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में 1 व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि अन्य 7 सवार घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

पड़ोसी राज्य झारखण्ड के गढ़वा जिलान्तर्गत ग्राम चिनिया निवासी श्रद्धालु शुक्रवार को आर्टिका कार से बच्छराजकुंवर धाम पहुंचे थे। धाम में दर्शन-पूजन करने के उपरांत श्रद्धालु शाम 4 बजे वापस अपने घर लौट रहे थे। अंधेरा होने के डर से वाहन स्वामी जयप्रकाश यादव (32वर्ष) तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था। तेज रफ्तार कार मानिकपुर जंगल में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में जीतन तुरी (55वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि राजेश तुरी (38वर्ष), संदीप तुरी (20वर्ष), चालक जय प्रकाश यादव (32वर्ष), विनोद तुरी (35वर्ष), प्रभुनाथ तुरी (65वर्ष), अनिल तुरी (31वर्ष) एवं सुनील तुरी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया जहां सभी का उपचार चल रहा है। वाहन मालिक जयप्रकाश यादव एवं राजेश तुरी की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। इस संबंध में सीएमएचओ डॉ.विजय कुमार ने बताया कि सभी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## खबर संक्षेप

### हरीश होंगे कोरिया के नए एसपी

**बैकुण्ठपुर।** छग शासन के गृह विभाग द्वारा भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश हाल में जारी किया गया। इसमें कोरिया जिले के पुलिस अधीक्षक भी प्रभावित हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरिया पुलिस अधीक्षक के रूप में मुख्यमंत्री सुरक्षा के एसपी हरीश राठौर को कोरिया का नया पुलिस अधीक्षक बनाया वही वर्तमान पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे को पुलिस मुख्यालय नया रायपुर में सहायक पुलिस महानिरीक्षक के पद पर स्थानांतरण किया गया।

### नई कार्यकारिणी घोषित बलजीत फिर बनीं अध्यक्ष

**बैकुण्ठपुर।** वी क्लब उड़ान बैकुंठपुर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। क्लब ने एक बार फिर बलजीत कौर को अध्यक्ष, मधु गुप्ता को सचिव तथा क्षमा बड़ेरिया को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे क्लब की सामाजिक एवं सेवा गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगी। इस अवसर पर उन्होंने डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट ज्योति प्रधान तथा एरिया ऑफिसर प्रभा पटेल के मार्गदर्शन में कार्य करने का अवसर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की और संगठन की जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का संकल्प लिया।

### हर्षिता राष्ट्रीय छात्रवृत्ति के लिए चयनित

**चिरमिरी।** चिरमिरी के वरिष्ठ पत्रकार अतुल गुप्ता तथा श्रीमती ज्योति गुप्ता की सुपुत्री कु. हर्षिता गुप्ता का चयन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप (एनएमएमएस) परीक्षा में हुआ है। हर्षिता ने परीक्षा में 100 में से 73 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अब कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिमाह 1,000 की छात्रवृत्ति प्राप्त करेंगी। यह परीक्षा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रतिवर्ष कक्षा 7वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती है। हर्षिता वर्तमान में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, पोड़ी चिरमिरी की मेधावी छात्रा हैं। हर्षिता की इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय एवं पूरे चिरमिरी क्षेत्र में खुशी का माहौल है।



### एमपीपीएससी के लिए चयनित हुए भरत

**अनूपपुर।** जिले के बिजुरी लैंप्स प्रबंधक के पद पर कार्यरत ओंकार प्रसाद दुबे के पुत्र भरत दुबे का एमपीपीएससी वर्ष 2025 में चयन हुआ है,जिसमें भरत का माइनिंग इंस्पेक्टर के पद पर चयन हुआ है,भारत दुबे सरस्वती स्कूल तथा शा.सीएलके स्कूल बिजुरी में 10वी 12वीं तक की शिक्षा ग्रहण की, उच्च शिक्षा डॉक्टर हरि सिंह विश्वविद्यालय सागर एवं रवि शंकर विश्वविद्यालय रायपुर मे ग्रहण की, उच्च शिक्षा के साथ ही भरत दुबे इस तरह से कड़ी मेहनत और संघर्ष पूर्ण स्थिति में इस मुकाम को हासिल किया,इस उपलब्धि का श्रेय भारत दुबे ने अपने माता-पिता ,भाई और गुरु को दिया है।



### विद्यार्थियों को मिलेगा प्रतिभा दिखाने का अवसर

**मनेन्द्रगढ़।** जिला शिक्षा अधिकारी, एमसीबी ने पीएसवाय राष्ट्रीय उत्कृष्टता अवार्ड (प्रतिभा सम्मान योजना)-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों तथा शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों के प्राचार्यों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। योजना के माध्यम से जिले के कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि योजना के अंतर्गत कक्षा 3 से 12 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय चित्रकला, शोध एवं प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की जाएगी।

---

थाने के सामने शव रखकर आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन

# जेसीबी की टक्कर से युवक की मौत पर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

- बीपीसीएल और जेएनएक्स कंपनी के कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

एक ओर गैस पाइपलाइन परियोजना के नाम पर विकास के दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उसी परियोजना से जुड़ा कथित सुरक्षा में लापरवाही का मामला एक परिवार की जिंदगी पर भारी पड़ गया। शुक्रवार की रात मनेंद्रगढ़ में बीपीसीएल की गैस पाइपलाइन परियोजना में कार्यरत जेएनएक्स कंपनी की जेसीबी की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे के बाद सामने आए वीडियो ने पूरे मामले को नया मोड़ दे दिया है और कंपनी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात आस्था रेस्टोरेंट की ओर से लौट रहे दो युवक स्कूटी से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान गैस पाइपलाइन कार्य में लगी जेसीबी से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि राघवेंद्र नामक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी सागर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। घटना के बाद सामने आया वीडियो, सुरक्षा इंतजामों पर उठे सवाल हादसे के बाद सामने आए एक वीडियो में दावा किया जा रहा है कि दुर्घटना के समय कार्यस्थल पर सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम मौजूद नहीं थे। वीडियो में कुछ लोग यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि हादसे के बाद कंपनी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और जल्दबाजी में खुदाई वाले हिस्से के आसपास रेडियम रिबन और चेतावनी पट्टियां लगाने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि यदि पहले से बैरिकेडिंग, रिफ्लेक्टर, चेतावनी संकेत और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की गई होती तो यह हादसा टाला जा सकता था। वीडियो में लोगों की आवाज भी सुनाई देती है कि ₹पहले रिबन क्यों नहीं लगाया ₹ और ₹गाड़ी भाग रही है, गाड़ी का पीछा करो।₹ हालांकि, वीडियो में किए जा रहे इन दावों की आधिकारिक पुष्टि फिलहाल प्रशासन की ओर से नहीं की गई है। मामले की जांच जारी है।

सुरक्षा मानकों के पालन पर उठे गंभीर प्रश्न स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य सड़क पर गैस पाइपलाइन का कार्य लंबे समय से चल रहा है, लेकिन कई स्थानों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं दिखाई देती। उनका आरोप है कि रात के समय न तो पर्याप्त चेतावनी संकेत लगाए गए थे और न ही ऐसी बैरिकेडिंग थी, जिससे वाहन चालकों को पहले से खतरे का अंदाजा हो सके। लोगों का मानना है कि यदि निर्माण एजेंसी द्वारा सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन किया गया होता तो शायद यह हादसा नहीं होता।



शव रखकर प्रदर्शन करते लोग।

### थाने के सामने शव रखकर किए प्रदर्शन

हादसे से आक्रोशित परिजन थाने के सामने शव रखकर प्रदर्शन किए। दुर्घटना के बाद मृतक के परिजन और सैकड़ों ग्रामीण मनेंद्रगढ़ सिटी कोतवाली पहुंच गए। आक्रोशित लोगों ने मृतक के शव को थाने के सामने सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया और धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी जेसीबी चालक की तत्काल गिरफ्तारी, बीपीसीएल और जेएनएक्स कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तथा मृतक परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। कई घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे और परिजनों को समझाने का प्रयास करते रहे। दोपहर लगभग तीन बजे प्रशासन की समझाइश के बाद परिजनों ने पोस्टमार्टम के लिए शव भेजने पर सहमति दी। पुलिस ने चालक पर दर्ज किया मामला पुलिस ने आरोपी जेसीबी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मौके पर मृतक के परिजन के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा, पूर्व नपाध्यक्ष राजकुमार केसरवानी, हफीज मेंमन , पार्षद अजय जायसवाल, अनिल प्रजापति, स्वप्निल सिंह, गिरधर जायसवाल, कांग्रेस नेता रवि जैन, समेत कांग्रेस कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे।

### सुरक्षा मानकों पर उठे सवाल

घटना के बाद सामने आए वीडियो और स्थानीय लोगों के आरोपों के बाद निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर भी जांच की मांग तेज हो गई है। लोगों का कहना है कि यदि जांच में कंपनियों की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जानी चाहिए।

## बैकुंठपुर में भी खोदे गए गड्ढे बने खतरा, लोगों में नाराजगी

**बैकुण्ठपुर।** शहर के एमएलए नगर क्षेत्र में बीपीसीएल द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढे बरसात के मौसम में लोगों के लिए परेशानी और संभावित हादसों का कारण बनते जा रहे हैं। कॉलोनी के कई स्थानों पर केबल बिछाने के बाद गड्ढों को मिट्टी से भर तो दिया गया, लेकिन लगातार बारिश के कारण मिट्टी धंसने लगी है।

रहवासियों का कहना है कि सड़क किनारे धंसी हुई जगहें वाहन चालकों और पैदल चलने वालों के लिए खतरा बन गई हैं। सबसे अधिक चिंता कॉलोनी में खेलने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर है, क्योंकि धंसी हुई मिट्टी के कारण किसी भी समय दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि बरसात के मौसम में पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू करने की क्या आवश्यकता थी। उनका कहना है कि गड्ढों को भरने के बावजूद बारिश के कारण जमीन फिर धंस रही है, जिससे जोखिम लगातार बढ़ता जा रहा है। कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बरसात के दौरान ऐसे कार्यों पर रोक लगाई जाए तथा जिन स्थानों पर खुदाई की गई है, वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर गड्ढों का स्थायी रूप से समतलीकरण कराया जाए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना नहीं हो।



## चिरमिरी ननि में 9 एल्डरमैन पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ वेस्ट चिरमिरी

नगर पालिक निगम चिरमिरी परिसर में शनिवार को नगर निगम के 9 नामनिर्दिष्ट पार्षद (एल्डरमैन) का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, निगम के निर्वाचित पार्षदों एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। सभी 9 नामनिर्दिष्ट पार्षदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर नगर निगम क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित रहे। इसके अलावा एमसीबी कलेक्टर सुश्री संतन जांगडे, भाजपा जिलाध्यक्ष चंपा देवी पावले, छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, महापौर राम नरेश राय, विधायक प्रतिनिधि राजू नायक, पूर्व आयुक्त आर.पी. आँचला, नव नियुक्त निगम आयुक्त सारथी, प्रभारी एमसीबी सहित नगर निगम के पार्षद, एमआईसी सदस्य तथा अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। अपने संबोधन में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि चिरमिरी नगर निगम में पहले से मौजूद ट्रिपल इंजन सरकार को अब नौ एल्डरमैन के रूप में ₹बूस्टर इंजन₹ भी मिल गया है। उन्होंने सभी नामनिर्दिष्ट पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सामाजिक योगदान, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा की पृष्ठभूमि का उल्लेख किया तथा विश्वास जताया कि उनका अनुभव नगर निगम के विकास कार्यों को नई गति प्रदान करेगा।उन्होंने कहा कि ₹एल्डरमैन₹ नाम जितना बड़ा है, उसकी जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि जहां निर्वाचित पार्षद अपने-अपने वार्ड तक सीमित रहते हुए अपने फंड का उपयोग कर सकते हैं, वहीं नामनिर्दिष्ट पार्षद पूरे नगर निगम क्षेत्र के सभी 40 वार्डों में विकास कार्यों के लिए अपनी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि एल्डरमैन को विकास कार्यों के लिए 5 हजार रुपये से लेकर 1 लाख रुपये तक के कार्य कराने का अधिकार प्राप्त है, जिसका उपयोग जनहित में प्रभावी ढंग से किया जाना चाहिए। उन्होंने मनोनीत एल्डरमैनो को बधाई देते हुए कहा कि निकाय के भीतर सरकार द्वारा नियुक्त निर्दिष्ट पार्षद विकास कार्यों में अपनी महती भूमिका निभाएंगे और क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार सभी वार्डों में अपनी पहुंच सुनिश्चित करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने विकास कार्यों में आने वाली प्रशासनिक एवं तकनीकी बाधाओं का भी उल्लेख किया।



## शासकीय विद्यालय में चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**बैकुंठपुर।** पटना पुलिस ने शासकीय विद्यालय टेंगनी में हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए 8 पंखे, 2 सिंटेक्स नेट फाइबर केबल तथा घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड बरामद की है, जबकि मामले के तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार शासकीय विद्यालय टेंगनी में 27 जून की शाम से 30 जून की सुबह के बीच अज्ञात चोरों ने दो कमरों के ताले तोड़कर 8 पंखे एवं 2 सिंटेक्स नेट फाइबर केबल चोरी कर लिए थे। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 26 हजार रुपये आंकी गई। मामले में थाना पटना में अपराध क्रमांक 187/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) एवं 305(ए) के अंतर्गत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान मुखबिर की सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने संदेहियों से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने चोरी का सामान एवं घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड बरामद कर ली। गिरफ्तार आरोपियों में कन्हैया सिंह (19 वर्ष) एवं उमान सिंह (19 वर्ष), दोनों निवासी टेंगनी पटेलपारा, थाना पटना, जिला कोरिया शामिल हैं। दोनों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि मामले में फरार तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। थाना पटना पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में चोरी एवं अन्य संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।



आरोपी।

## न्यू लाईफ में विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यशाला




**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ हेल्थ एण्ड एजुकेषन सोसायटी द्वारा संचालित न्यू लाईफ इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में संस्था संचालक डॉ. प्रिंस जायसवाल के निर्देशन में विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यषाला का आयोजन किया गया। 11 जुलाई को सारी दुनिया में जनसंख्या दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 1989 में यूनाईटेड नेसंस डेवलपमेंट प्रोग्राम की गवर्निंग कांउसिल ने 11 जुलाई की तारीख को विष्व जनसंख्या दिवस के तौर पर मनाने का फैसला किया था, 11 जुलाई 1990 से यह दिन विष्व जनसंख्या के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष 2026 विष्व जनसंख्या दिवस का थीम युवाओं की आशाओं और आकांक्षाओं को साकार करना आज और भविष्य के लिए।

## चोरी की बाइक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**पटना।** जिले के पटना थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गई स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल जब्त कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार, प्रार्थी मनोज कुमार देवांगन की शिकायत पर थाना पटना में अपराध क्रमांक 191/2026, धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद पांडे के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना और तकनीकी जांच के आधार पर ग्राम महोरा निवासी सोमा सिंह (35) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसके कब्जे से वाहन बरामद कर जब्त कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। थाना प्रभारी प्रमोद पांडे ने लोगों से अपील की है कि चोरी, संदिग्ध गतिविधियों या अन्य अपराधों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।



## यातायात जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाएं

**बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा शहर में विशेष यातायात जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया गया,अभियान के दौरान प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर सघन वाहन चेकिंग की गई,सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों को हटवाकर यातायात व्यवस्था सुचारू कराई गई,यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत चालानी कार्यवाही की गई।

रात्रिकालीन दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु मालवाहक एवं अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टिव रेडियम टेप लगाए गए तथा वाहन चालकों को वाहनों में रेडियम,इंडिकेटर एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए,साथ ही वाहन चालकों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने,निर्धारित गति सीमा का पालन करने,शराब पीकर वाहन नहीं चलाने,मोबा.फोन का प्रयोग न करने तथा सड़क पर वाहन खड़ा नहीं करने संबंधी समझाइश देकर यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।



किशोरी आत्महत्या का मामला, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का दिया भरोसा

# सीएम ने मृतका के पिता से दूरभाष पर की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर किशोरी आत्महत्या मामले को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को मृतका के पिता से दूरभाष पर चर्चा कर घटना की जानकारी ली और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मामले के आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए कहा कि राज्य सरकार पीड़ति परिवार के साथ खड़ी है।

कोरिया जिला पंचायत अध्यक्ष मोहितराम पैकरा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान कंवर समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती कौशल्या विष्णुदेव साय ने भी मृतका के परिजनों से बातचीत कर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि समाज पीड़ति परिवार के साथ है और दोषियों को कानून के अनुसार सजा दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर कंवर समाज के राष्ट्रीय सहसचिव उपेंद्र सिंह पैकरा, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, कंवर समाज कोरिया के अध्यक्ष मनियार सिंह, मुख्यमंत्री निवास की ओर से मनीष सिन्हा सहित समाज के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### एसपी को सौंपे ज्ञापन

किशोरी आत्महत्या प्रकरण में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर कंवर समाज के सरगुजा संभागीय पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक कोरिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की गई। इस दौरान समाज के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 10 वर्ष बाद भी पानी टंकी से कनेक्शन नहीं, वार्ड में जल संकट बरकरार

**कोरिया कालरी।** एमसीबी जिले के नगर पालिक निगम चिरमिरी के वार्ड क्रमांक 09 के गेल्हापानी क्षेत्र में पेयजल संकट आज भी लोगों के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि लगभग 10 वर्ष पहले करीब 30 लाख रुपए की लागत से ओवरहेड पानी टंकी का निर्माण कराया गया था, लेकिन आज तक उसे मुख्य पाइपलाइन से नहीं जोड़ा जा सका। इसके कारण क्षेत्र के अनेक परिवार नियमित और पर्याप्त पेयजल सुविधा से वंचित हैं।



स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि वर्षों से इस समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों के समक्ष मांग उठाई जाती रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। उनका कहना है कि हर चुनाव में पेयजल व्यवस्था सुधारने के वादे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी हुई है।

क्षेत्रवासियों ने नगर पालिक निगम प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि गेल्हापानी की लंबित पाइपलाइन कनेक्शन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कराई जाए, ताकि वार्ड क्रमांक 09 के लोगों को स्वच्छ एवं नियमित पेयजल उपलब्ध हो सके। उनका कहना है कि जब तक पानी टंकी को मुख्य पाइपलाइन से नहीं जोड़ा जाएगा, तब तक क्षेत्र के जल संकट का स्थायी समाधान संभव नहीं है।

## खबर संक्षेप



### अधिवक्ताओं को दिया गया डिजिटल माध्यमों के उपयोग का प्रशिक्षण

**अम्बिकापुर।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने शनिवार को निःशुल्क विधिक सहायता शिविर के कड़ी में आज माह के दूसरे शनिवार को जिला संयोजक जन्मेजय पाण्डेय के नेतृत्व में निःशुल्क विधिक सहायता शिविर आयोजित किया। शिविर पश्चात डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम का आयोजन जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म के जिला संयोजक मयंक जायसवाल एवं पीयूष त्रिपाठी ने प्रशिक्षण दिया। उपस्थित अधिवक्ताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त कर ऑनलाइन परीक्षा दी तथा मेधावी श्रेणी में उत्तीर्ण होकर प्रमाण पत्र प्राप्त किया। भाजपा विधि प्रकोष्ठ द्वारा भाजपा जिला कार्यालय में डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ताओं एवं कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यमों के उपयोग, संगठन की गतिविधियों के प्रचार-प्रसार, दस्तावेजों के डिजिटल प्रबंधन तथा तकनीक के माध्यम से आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचने के विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण से प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक डिजिटल तकनीकों के व्यावहारिक उपयोग की जानकारी हासिल की। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्यामलाल गुप्ता, धनंजय मिश्रा, प्रदेश सदस्य संजीव कुमार सेठ, नीलेश सिंह, आशा जायसवाल, सुरेंद्र पाण्डेय, बलराम सोनी, अमरेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### राजेश तिवारी बनें भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक



**ओड़गी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा की गई जिसमें राजेश तिवारी को भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ का प्रदेश सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। राजेश तिवारी ओड़गी भाजपा मंडल अध्यक्ष जैसे पद पर भी कार्य कर चुके हैं। प्रदेश सहसंयोजक बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। राजेश तिवारी ने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताकर उन्हें जिम्मेदारी दी है उसे कार्यकर्ताओं के सहयोग और मार्गदर्शन में पूरी ईमानदारी से निभाने को अग्रसर होंगे।

### पुलिस ने सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में किया पौधरोपण



**सूरजपुर।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में पुलिस द्वारा जिले में वृहद एकता पौधरोपण अभियान चलाया है। अभियान के तहत पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यालयों, पुलिस लाईन व 23 थाना-चौकी परिसर में 1000 से अधिक संख्या में पौधरोपण किया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस लाईन में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता एवं जनसहभागिता का संदेश दिया। अभियान के दौरान एएसपी योगेश देवांगन, पुलिस राजपत्रित अधिकारी सहित थाना-चौकी प्रभारियों व जवानों द्वारा बड़ी संख्या में पौधरोपण किया। इस अवसर पर एसएसपी ने कहा कि भारत की एकता और अखंडता के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्श आज भी समाज को प्रेरित करते हैं। उनकी 150वीं जयंती के अवसर पर लगाए गए एकता पौधे आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण संरक्षण के साथ राष्ट्रीय एकता का संदेश देंगे। प्रत्येक पौधे की देखभाल का संकल्प लेते हुए सभी पुलिस अधिकारी व जवानों ने इन्हें नियमित रूप से सुरक्षित एवं विकसित करने का भी वचन दिया। वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित रखने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि स्वच्छ हवा, जल संरक्षण, जैव विविधता और स्वस्थ भविष्य की आधारशिला भी हैं। यदि प्रत्येक नागरिक अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण योगदान होगा।

### ग्रामीणों के विरोध के बाद सर्वे कार्य को किया बंद

# मदन नगर खदान सर्वे का ग्रामीणों ने किया विरोध, ग्रामीण व प्रबंधन आमने- सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

एसईसीएल भटगांव क्षेत्र के अधिसूचित मदन नगर खदान के लिए ग्रामीणों का विरोध लगातार बढ़े जा रहा है। विरोध के बावजूद करीब एक वर्ष बाद अचानक प्रारंभ हुए सर्वे कार्य की खबर लगते ही ग्रामीण और प्रबंधन आमने सामने आ गए, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। ग्रामीणों के विरोध के बाद सर्वे कार्य को बंद करना पड़ा, वही पुलिस प्रशासन के हस्तक्षेप से किसी तरह ग्रामीणों का विरोध शांत कराया और सर्वे करने गई टीम को किसी तरह गांव से बाहर निकाला गया।

**खास बात**

- पुलिस ने सर्वे टीम को किसी तरह निकाला गांव से
- कुछ महीने से किया जा रहा सर्वे सीमांकन का प्रयास

बताया जा रहा है कि सुबह सर्वे के लिए पहुंची टीम पहले बलरामपुर जिले के ग्राम चौरा का सर्वे करने पहुंची। इधर जैसे ही सर्वे सूरजपुर जिले के ग्राम मदन नगर की ओर बढ़ा और स्थानीय लोगों को सर्वे का खबर लगा तो बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और सर्वे कार्य का विरोध करने लगे। विवाद बढ़ता देख सर्वे टीम को बैरंग वापस लौटना पड़ा। विदित हो कि मदननगर खदान के लिए बलरामपुर-सूरजपुर जिले के मदननगर, जगन्नाथपुर, चौरा कनकनगर ग्राम का जमीन अधिसूचित किया गया है। अधिसूचना के बावजूद ग्रामीण खदान के विरोध में मुआवजा नहीं ले रहे। इस बीच प्रबंधन बिना मुआवजा दिए खदान खोलने की जल्दबाजी में बीते कुछ महीने से सर्वे सीमांकन का प्रयास किया जा रहा था जिसका विरोध ग्रामीण लंबे समय से कर रहे है।



विरोध करते ग्रामीण।

#### जगन्नाथपुर खदान प्रभावित लगा रहे चक्कर

स्थानीय लोगों ने बताया कि खान प्रबंधन बड़े बड़े वादे कर बिना अधिग्रहण एक तरह से जबरिया मदन नगर खदान खोलने सर्वे और सीमांकन कार्य करना चाह रहे थे, जबकि वर्षों पूर्व प्रारंभ हुए जगन्नाथपुर खदान के सैकड़ों प्रभावित लोग आज भी रोजगार हेतु कार्यालयों का चक्कर लगाने को मजबूर है। खदान खुलने के करीब आठ वर्ष बाद भी लोग रोजगार के लिए भटक रहे। प्रबंधन इन प्रभावित परिवारों को रोजगार देना छोड़ नए खदान खोलने अपना पूरा जोर लगा दिया है।

#### बिना मुआवजा सर्वे

प्रभावित ग्रामीणों ने बताया कि प्रबंधन स्तर से लेकर कोल इंडिया स्तर पर कई लिखित मांग पत्र और शिकायत दिया गया। कोल कंट्रोलर स्तर पर बैठक भी हुआ मगर मांग और शिकायत का आजतक कोई उचित निराकरण नहीं किया गया। अब बिना मुआवजा दिए सर्वे कराने से ग्रामीण भड़क गए, ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि बिना मुआवजा वितरण और जमीन अधिग्रहण के किसी भी प्रकार के सर्वे और सीमांकन का विरोध जारी रखेंगे।

#### बगैर सूचना सर्वे से नाराजगी

गांव के खान प्रभावित लोगों ने बताया कि कई बार सर्वे समेत अन्य मामलों पर लिखित में प्रबंधन के समक्ष आपत्ति दर्ज कराया। मामलों का आज तक कोई निराकरण नहीं किया गया और इस बीच अचानक से आज प्रबंधन द्वारा सर्वे और सीमांकन कार्य कराए जाने को लेकर नाराज ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि जब तक नियमानुसार जमीन अधिग्रहण और मुआवजा वितरण नहीं हो जाता सर्वे और सीमांकन का विरोध जारी रहेगा।

## दिनदहाड़े घर के पास से बकरे को उठा ले गया जंगली जानवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर



ग्राम पंचायत कोल्हूआ में जंगली जानवरों की बढ़ती गतिविधियों ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। शुक्रवार को दिनदहाड़े एक जंगली जानवर ने कोल्हुआ निवासी संतोष पनिका के बकरे को घर के समीप ही अपना शिकार बना लिया। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

- गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान से लगे गावों में दहशत

जानकारी के अनुसार संतोष पनिका का बकरा घर के पास चर रहा था। इस दौरान जंगल से आए जानवर ने अचानक हमला कर बकरे को पकड़ लिया और घसीटते हुए जंगल की ओर ले गया। घटना इतनी तेजी से हुई कि परिजन कुछ समझ पाते, उससे पहले ही जंगली जानवर बकरे को लेकर जंगल में गायब हो गया। सूचना पर ग्रामीण बकरे की तलाश में जंगल गए। काफी खोजबीन के बाद जंगल किनारे बकरे की क्षत विक्षत शव मिला। ग्रामीणों के अनुसार जंगली जानवर बकरे को मारकर उसका शरीर का अधिकांश हिस्सा खा चुका था। घटना से गांव में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना वन विभाग को दी है। रेंजर मेवालाल पटेल ने बताया कि वन विभाग की टीम घटनास्थल की जांच करेगी तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जांच पूरी होने के बाद प्रावधानों के अनुसार पीड़ित पशुपालक को क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की जाएगी। ग्रामीणों ने प्रभावित क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाने, वन्यजीवों की निगरानी करने तथा गांवों में जंगली जानवरों के प्रवेश को रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है।

### सर्पदंश से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** रामानुजगंज अंतर्गत विजयनगर क्षेत्र के ग्राम केतली बैगापारा निवासी फुलकुंवर श्रीवास्तव पति दिनेश श्रीवास्तव (44 वर्ष) 1 जुलाई को घर के समीप बाड़ी में विजय सिंह व एक अन्य मजदूर के साथ भिंडी सब्जी तोड़ रही थी। इसी दौरान पैर में जहरीले सांप ने काट लिया। सांप के डस लेने पर महिला शो मचाने लगी तो परिजन मौके पर पहुंचे और सांप को मारकर महिला को रामानुजगंज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### सर्पदंश पीड़ित महिला की अस्पताल में मौत

**बिहारपुर।** ग्राम कोल्हुआ निवासी पण्डो समुदाय की श्रीमती तारामति पति रामचंद्र पण्डो की सर्पदंश से मौत हो गई। तारामति रोज की तरह अपने घर में जमीन पर सो रही थी। बुधवार को तड़के उसे विषैले सांप ने डस लिया। सर्पदंश से महिला की हालत बिगड़ने लगी तो उसके परिवार के सदस्यों को सांप काटने की सूचना दी। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। चिकित्सक पीड़िता की जांच कर रहे थे इसी दौरान उसकी मौत हो गई।

## नशे के सौदागर को 15 वर्ष का सश्रम कारावास, एक फरार के खिलाफ वारंट जारी

**अंबिकापुर।** नशे का कारोबार करने वाले आरोपी के खिलाफ कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट ने आरोपी तस्कर को 15 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी है इसके साथ ही एक लाख रूपए का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने आरोपी को कैंसर की बीमरी होने के कारण इसे केंद्रीय जेल अधीक्षक को चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। बड़ी बात यह है कि इस प्रकरण का एक आरोपी फरार चल रहा है और उसके खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट भी जारी है।

- कैंसर से ग्रसित आरोपी को चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश

न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मोमिनपुरा निवासी 33 वर्षीय हातिम उर्फ हाकिम उर्फ जुब्बी आ. खादिम खान और देवीगंज रोड चित्रमन्दिर गली निवासी सुधीर पांडेय उर्फ मोहन आ. स्व. दीनदयाल पांडेय बाइक क्रमांक सीजी 15 सीआर 3299 व किराए के ऑटो क्रमांक सीजी 15 सीआर 8817 से नशे का अवैध सामान लेकर आ रहे है। सूचना के बाद घेराबंदी की गई। इस दौरान पुलिस ने बाइक चालक सुधीर पांडेय के पास से 7500 नग टेबलेट और हाकिम खान के पास से 750 नग आरसी कफ सिरप बरामद किया था। इस दौरान पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। वहीं इस मामले में शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट अतुल कुमार श्रीवस्तव के कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र कुमार पांडेय ने पैरवी की। कोर्ट में सुनवाई के दौरान आरोपी हातिम उर्फ हाकिम खान को दोषी मानते हुए 21 सी एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषी माना है। कोर्ट ने आरोपी को 15 वर्ष के सश्रम कारावास और एक लाख रूपए के अर्थ दंड से दण्डित किया है। कोर्ट में सुनवाई के दौरान यह पक्ष रखा गया है कि आरोपी हातिम को कैंसर की बीमारी है जिसपर कोर्ट ने केंद्रीय जेल अधीक्षक को निर्देश दिया है कि आरोपी को कैंसर से जुडी सभी चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। वहीं इस मामले में आरोपी सुधीर पांडेय उर्फ़ मोहन लम्बे समय से फरार चल रहा है। कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

### करंट की चपेट में आने से कॉलरीकर्मी की मौत

**अम्बिकापुर।** स्नान करने के बाद कुलर पकड़ कर पत्नी से बात कर रहे कॉलरी कर्मी की करंट लगने से मौत हो गई। परिजन कॉलरी कर्मी का निजी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम मदनपुर निवासी रोबिन मंडल आ. नारायण मंडल (30 वर्ष) एसईसीएल बिजूरी में काम करता था। 9 जुलाई की रात घर आया था। दूसरे दिन दोपहर 3 बजे बाथरूम में स्नान करने के बाद कमरे में गया और कूलर पर हाथ रखकर पत्नी से बात कर रहा था। इसी दौरान बोरिंग चलाने लिए लगाए गए ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट हो गया जिससे कूलर में करंट फैल जाने से करंट की चपेट में आने से कमरे में गिर गया। पति को जमीन पर गिरा देख पत्नी शोर मचाने लगी। परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा रोबिन के नाक व कान से खून निकल रहा था और वह मौके पर ही अचेत हो गया। परिजन तत्काल उपचार के लिए शहर के मिशन अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत कॉलरीकर्मी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## शिक्षा ही विकसित छत्तीसगढ़ की सबसे मजबूत नींव : अग्रवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने शुक्रवार को पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय, लखनपुर तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मेण्ड्राकला में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव में शामिल होकर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर अध्ययन सामग्री वितरित की तथा नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रेरणादायी होने की कामना की।

- प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का किया स्वागत, प्रदान की पुस्तकें

मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा ही विकसित छत्तीसगढ़ की सबसे मजबूत नींव है। प्रत्येक बच्चे को गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा, बेहतर संसाधन और प्रेरणादायी वातावरण उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। आज का विद्यार्थी ही कल के सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माता बनेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नवाचार और गुणवत्तापूर्ण सुविधाओं का विस्तार कर रही है, ताकि प्रदेश का प्रत्येक विद्यार्थी अपनी प्रतिभा के अनुरूप आगे बढ़ सके। शिक्षा ही वह माध्यम है जो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के उज्जवल भविष्य का निर्माण करती है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकें प्रदान की तथा उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से भी बच्चों के सर्वांगीण विकास में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। इसके पश्चात कैबिनेट मंत्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेण्ड्राकला में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए तथा छात्राओं को साइकिल वितरित की। उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकें प्रदान की। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जमकर सराहना की। श्री अग्रवाल ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया तथा विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों से अधिक से अधिक पौधरोपण कर उनका संरक्षण करने का आह्वान किया।



### करवां विद्यालय में मनाया गया संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

**करवां।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करवां में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगा माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत कर उन्हें विद्यालय में प्रवेश कराया। साथ ही बच्चों को पाठ्य पुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए गए। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य दशरथ सिंह एवं सरपंच श्रीमती निरुपा सिंह का स्कूल प्रबंधन द्वारा स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने बीड़ीसी दशरथ सिंह ने कहा कि शिक्षा से समाज की दशा एवं दिशा दोनों को गति मिलती है। शिक्षा को समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को नियमित रूप से विद्यालय आना चाहिए। प्राचार्य श्रीमती मीरा सिंह ने नवप्रवेशी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने एवं नियमित रूप से विद्यालय आने प्रेरित की। इस दौरान विद्यालय के शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष ललन सिंह, सीता राम कुशवाहा, शिक्षक सतीश कुमार भारद्वाज, मो. मोबिउद्दिन अंसारी, बहादुर राजवाड़े, राजेश सिंह, जॉन एडविन सहित संकुल स्तरीय विद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राएं व अभिभावक उपस्थित थे।

उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग
सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले के ऐसे प्रतिभावान छात्र जो 12वीं के बाद आर्थिक कारणों से BE, M-TECH, M.B.B.S. एवं M.D. प्रवेश लेने के बावजूद आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते है। हम ऐसे छात्रों की प्रतिभा को निखारने की कोशिश करते हैं, आर्थिक मदद देकर जिससे वे अपने सपनों को पूरा कर लक्ष्य को प्राप्त कर सकें
कृपया ऐसे छात्र निम्न पते पर हमें संपर्क कर सकते है एवं ट्रस्ट की वेबसाईट www.sujanidevitrust.org पर भी online आवेदन कर सकते है
आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026
सुजानी देवी ट्रस्ट
अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा (छ.ग.)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
मुकेश गोयल, प्रतापपुर मो. 09425585471, 09165794999
अजीत अग्रवाल, महामाया कम्प्यूटर्स ब्रम्ह रोड, अम्बिकापुर मो. 9425254169
प्रदीप सिंघल :- 9425547550

TOP IN SURGUJA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S., M.D. (पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वाँस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ. दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 12 जुलाई 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

सरगुजा मार्केट

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
महिला रोगों की जांच व इलाज
सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY
MBBS, MS
(OBSTETRICS & GYNAECOLOGY
LAPAROSCOPIC SURGEON

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 जुलाई 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
·COLLEGES COUNSELLING
·DEEMED COLLEGE
·COUNSELLING
·STATE PVT./ GOVT. COLLEGES
·FORM FILLUP ASSISTANCE
·LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance
Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE
ANU SHARMA
9109920477

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆नसों का रोग ◆मानसिक रोग
◆त्वचा एवं बालों का रोग ◆स्त्री रोग ◆मूत्र संबंधी रोग
◆मधुमेह (डायबिटीज़) ◆नेत्र रोग ◆किडनी संबंधी रोग
◆पेट संबंधी विकार ◆थायराइड मांसपेशी का रोग
◆अस्थमा ◆मोटापा ◆मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### बाल विवाह, बालिका शिक्षा एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**सूरजपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देश पर जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के साथ जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर के नवापारा स्थित कन्या हाई स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने बाल विवाह मुक्त सूरजपुर अभियान की जानकारी दी। साथ ही बच्चियों को गुड टच एवं बेड टच की जानकारी बच्चों को दी गई। महिला सशक्तिकरण की फरजाना ने बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान अपने वाले सावधानियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लड़कियों को स्वच्छता के ऊपर विशेष ध्यान देना चाहिए महिला सशक्तिकरण हब की जेंडर विशेषज्ञ सलोनी कुजूर ने सखी वन स्टाफ केंद्र की सारी व्यवस्थाओं और सुविधाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती किरण उपाध्याय, स्कूल के शिक्षक अमृतलाल कमर प्रमाण कश्यप, रश्मि टोप्पो एवं निर्मल तिर्की व विधिक सेवा प्राधिकरण से चिरंजीव राजवाड़े तेजस्वरी उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत बकिरमा में लाखों के वित्तीय अनियमितता का आरोप, सौंपा ज्ञापन

**रामानुजनगर।** जनपद पंचायत प्रेमनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत बकिरमा में पंचायत निधि के कथित दुरुपयोग एवं वित्तीय अनियमितताओं को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता ने जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंपा। साथ ही निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। सौंपे गए ज्ञापन में सामाजिक कार्यकर्ता विशाल दुबे ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव द्वारा आपसी सांठगांठ कर पंचायत राज अधिनियम के नियमों की अनदेखी करते हुए विभिन्न विकास कार्यों के नाम पर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया गया। आवेदन में कई कार्यों के केवल कागजों में होने तथा मौके पर कार्य नहीं होने या अत्यंत निम्न गुणवत्ता का होने का उल्लेख किया गया है। जिसमे हैंडपंप खनन, सीसी रोड निर्माण, सामुदायिक शौचालय, स्ट्रीट लाइट स्थापना, मरम्मत कार्य सहित अन्य मामलों में लाखों रुपये के भुगतान किए गए, जबकि कई कार्यों की भौतिक स्थिति संदिग्ध बताई गई है।उन्होंने आरोप लगाया है कि स्ट्रीट लाइट कार्य में सरपंच के पुत्र को एजेंसी बनाकर भुगतान किया गया। विशाल दुबे ने मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### चोरों ने दिन दहाड़े होटल के सामने खड़ी स्कूटी के डिक्की से पार किया 40 हजार रुपए

**सेदम।** बतौली अंतर्गत ग्राम शिवपुर निवासी ओम प्रकाश गुप्ता शुक्रवार को जिला सहकारी बैंक बतौली से 40 हजार निकाल कर अपने स्कूटी के डिक्की में रखकर घर जा रहे थे। इसी बीच बतौली बगीचा चौक स्थित होटल में नाश्ता करने गए और कुछ समय बाद वापस आ कर देखा तो स्कूटी का डिक्की खुला और 40 हजार रुपए गायब था। घटना की शिकायत ओम प्रकाश ने बतौली पुलिस से की। शिकायत पर पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया लेकिन चोर का पता नहीं लग सका। बतौली पुलिस द्वारा हर एक बिंदुओं की विवेचना में लगा हुआ है। इसी प्रकार बतौली थाना रोड निवासी सकंट मोचन गुप्ता यहां भी स्टेट बैंक बतौली से लाखों की राशि निकाल कर दुकान के दराज में रखा गया था जहां अज्ञात चोरों द्वारा दुकानदार को चकमा देकर राशि लेकर रफूचक्कर हो गए जिनका अब तक पता नहीं चल सका है ।

### मृत ससुर के दस्तावेजों को लेकर पति-पत्नी में विवाद, ग्रामीण ने लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** ग्राम सोनवाही महादेवपारा में एक ग्रामीण ने मृत ससुर के दस्तावेज को लेकर पत्नी के साथ हुए कहासुनी व विवाद होने के बाद क्षुब्ध होकर फांसी लगा ली है। लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम सोनवाही महादेवपारा निवासी 47 वर्षीय सावाल साय सिंह पिता महादेव गोंड का शुक्रवार शाम पत्नी जुगमेन बाई के साथ ससुर के मृत्यु प्रमाण पत्र एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनवाने की बात को लेकर कहासुनी व विवाद हो गया। इसके बाद सावल साय ने खाना खाकर घर के बाहर बरामदे में सोने चला गया , शनिवार की सुबह ग्रामीण का शव गौशाला में फांसी पर लटका पाया गया है। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा पीएम उपरांत शव परिजन के सुपुर्द कर मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

राशि के अभाव में महत्वपूर्ण भवन वर्षों से अधूरे

# अधूरे भवनों के लिए मिली 4.5 करोड़ की स्वीकृति विवि बनाएगा मल्टीपरपज एकेडमिक बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भवन की समस्या से जूझ रहे संत गहिरा गुरू विवि की समस्याओं का निराकरण होता नहीं दिखाई दे रहा है। राशि के अभाव में विवि के महत्वपूर्ण भवनों का निर्माण पिछले चार सालों से अटका पड़ा है। शासन द्वारा विवि को भवन निर्माण के लिए बजट में 4.5 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। विवि द्वारा इस राशि से पुराने कार्यालय परिसर में मल्टीपरपज एकेडमिक बिल्डिंग बनाने की तैयारियां कर रहा है।

**खास बात**

- पुराने प्रशासनिक कार्यालय परिसर में होगा निर्माण

स्थापना के बाद से ही संत गहिरा गुरू विवि के प्रशासनिक कार्यालय का संचालन शहर के दर्रीपारा स्थित एक पुराने शासकीय भवन में किया जा रहा था। हालांकि विवि द्वारा प्रशासनिक कार्यालय परिसर में आवश्यकता के अनुसार परीक्षा शाखा, गोपनीय विभाग एवं भंडारगृह के लिए शेड का निर्माण कर कार्यों का संचालन किया जा रहा था। इस बीच प्रशासनिक कार्यालय स्थित कुलपति कार्यालय की छत ढहने एवं कार्यालय के अन्य कमरों के छत का प्लास्टर गिरने एवं पानी टपकने के कारण प्रबंधन ने आनन-फानन में कार्यालय को भकुरा परिसर में स्थानांतरित कर दिया। विपरीत परिस्थितियों में पिछले एक साल से प्रशासनिक कार्यालय का संचालन भकुरा परिसर में किया जा रहा है। परिसर में निर्माणाधीन प्रशासनिक कार्यालय, एकेडमिक बिल्डिंग, छात्रावास, पुस्तकालय, गेस्ट हाउस सहित अन्य भवनों का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। विवि ने अधूरे भवनों के निर्माण के लिए 14.35 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा था तथा बजट में राशि की स्वीकृति मिलने की भी उम्मीद जताई जा रही थी लेकिन बजट में भवन निर्माण के लिए मात्र 4.5 करोड़ की स्वीकृति मिली है। शासन द्वारा बजट में स्वीकृत राशि अभी विवि को उपलब्ध नहीं कराई गई है। विवि प्रशासन इस राशि से पुराने प्रशासनिक कार्यालय परिसर में मल्टीपरपज एकेडमिक बिल्डिंग बनाने की तैयारियां कर रहा है। भकुरा परिसर में आवश्यक भवनों का निर्माण नहीं होने के कारण शैक्षणिक विभागों की व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गयी है तथा शैक्षणिक विभागों का संचालन अलग-अलग भवनों में जैसे-तैसे किया जा रहा है। विवि के भकुरा परिसर को आबाद करने के लिए अधूरे भवनों का निर्माण पूरा करना बेहद आवश्यक माना जा रहा है। भवनों का निर्माण पूरा होने के बाद ही शैक्षणिक विभागों का संचालन प्रारंभ हो सकेगा तथा परिसर की रौनक बढ़ेगी। पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण इस साल भी अधूरे भवनों का निर्माण संभव नहीं है। ऐसे में विवि प्रबंधन को अन्य विकल्पों का भी सहारा लेने की जरूरत बताई जा रही है।



अधूरा एकेडमिक बिल्डिंग।

**अधूरे भवनों का निर्माण जरूरी**

शिक्षा के क्षेत्र में विवि अपनी पहचान बना सके इसके लिए शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार एवं सभी शैक्षिक विभागों का संचालन एक परिसर में करने की जरूरत बताई जा रही है। विवि ने शासन से चालू शिक्षा सत्र से 25 नये विषयों के संचालन की स्वीकृति ली है। विवि के पास भकुरा परिसर में पूर्व से संचालित शैक्षिक विभागों के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। नए विषयों की कक्षाओं के लिए भी भवनों की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में अधूरे भवनों का निर्माण पूरा किए बिना नए विषयों का संचालन संभव नहीं है। जानकार विवि के शैक्षिक विभागों को पर्याप्त जगह उपलब्ध कराने के लिए सबसे पहले अधूरे भवनों के निर्माण को आवश्यक बता रहे है। जानकारों का कहना है कि भवन निर्माण के लिए प्राप्त राशि से किसी एक भवन का निर्माण पूरा कर शैक्षिक व्यवस्था को दुरूस्त किया जा सकता है। एकेडमिक भवन का निर्माण पूरा होने से विवि को 40 से अधिक कमरे उपलब्ध होंगे जिसमें शैक्षणिक विभागों का संचालन आसानी से एक परिसर में किया जा सकता है।

**बनेगा गेस्ट हाउस एवं आईटी हब**

विवि का गेस्ट हाउस भकुरा परिसर में निर्माणाधीन है तथा राशि के अभाव में वर्षों से अधूरा पड़ा है। गेस्ट हाउस के अभाव में विवि अपने अतिथियों को होटलों में रूकवाता है तथा भारी-भरकम राशि खर्च करता है। विवि ने बजट में स्वीकृत राशि से विवि प्रबंधन ने पुराने प्रशासनिक कार्यालय परिसर में मल्टीपरपज एकेडमिक बिल्डिंग का निर्माण कराने का निर्णय लिया है। इस भवन में गेस्ट हाउस, ट्रेनिंग सेंटर, एक्यूवेशन सेंटर, कॉन्फ्रेंस हॉल एवं आईटी हब का निर्माण किया जाएगा।

**बनाया जा रहा नक्शा**

शासन द्वारा भवन निर्माण के लिए स्वीकृत राशि से पुराने प्रशासनिक कार्यालय परिसर में मल्टीपरपज एकेडमिक बिल्डिंग बनाने का निर्णय लिया गया है। अभी शासन से राशि उपलब्ध नहीं हुई है। इंजीनियर से प्रस्तावित भवन का नक्शा बनवाया जा रहा है।

-प्रो.राजेन्द्र लाकपाले
कुलपति, एसजीजीयू



## निरीक्षण में उठा विवाद, उपाध्यक्ष ने लगाए नियम विरुद्ध निर्माण के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

नगर पंचायत लखनपुर में निर्माणाधीन दुकानों के निरीक्षण के दौरान विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा सन्नी बंसल ने वार्ड क्रमांक 8 स्थित पुराने बस स्टैंड के पास हमर क्लिनिक के समीप चल रहे दुकान निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य में नियमों की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाया।

जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों की शिकायत पर उपाध्यक्ष नेहा सन्नी बंसल शुक्रवार सुबह निर्माण स्थल पर पहुंचीं। इस दौरान नगर पंचायत के उप अभियंता प्रदीप एक्का, पार्षद, नगर पंचायत कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्य मार्ग से निर्माण स्थल की दूरी की माप की गई। उपाध्यक्ष का आरोप है कि कलेक्टर द्वारा 28 जुलाई को जारी आदेश के अनुसार अंबिकापुर-बिलासपुर मुख्य मार्ग से 22.50 मीटर की दूरी छोड़कर दुकानों का निर्माण किया जाना था, जबकि मौके पर यह दूरी लगभग 13 मीटर पाई गई। इसी आधार पर उन्होंने निर्माण कार्य को नियम विरुद्ध बताते हुए आपत्ति दर्ज कराई। उपाध्यक्ष नेहा सन्नी बंसल ने यह भी आरोप लगाया कि बस स्टैंड परिसर में लगाए गए हमर लखनपुर लाइटिंग बोर्ड का भुगतान खरीदी में मनमाने दर पर किया गया है। उन्होंने उक्त कार्य की भी जांच कराए जाने की मांग की। मामले की जानकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी को मौके पर बुलाने का प्रयास किया गया, लेकिन सीएमओ निरीक्षण स्थल पर नहीं पहुंचे। इस बात को लेकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी नाराजगी व्यक्त की। उप अभियंता प्रदीप एक्का ने बताया कि परियोजना का लेआउट संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया है तथा निर्माण कार्य निर्धारित नियमों और मानकों के अनुरूप कराया जा रहा है। निरीक्षण के बाद उपाध्यक्ष नेहा सन्नी बंसल ने नगर पंचायत प्रशासन, सीएमओ एवं उप अभियंता पर नियमों की अनदेखी, गुणवत्ता संबंधी अनियमितताओं के आरोप लगाए। उपाध्यक्ष ने मामले की शिकायत नगरीय प्रशासन विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से करने तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने की भी मांग की गई है।

**नियमानुसार हो रहे काम**

नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे सभी निर्माण कार्य नियमानुसार एवं स्वीकृत मानकों के अनुरूप किए जा रहे हैं। उन्होंने उपाध्यक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों को गलत बताया। उनके द्वारा उपाध्यक्ष के साथ किसी प्रकार का अभद्र व्यवहार नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि उपाध्यक्ष का फोन उनके द्वारा रिसीव किया गया था तथा उन्हें यह जानकारी दी गई थी कि एक पार्षद के निधन के कारण वे आवश्यक कार्यों में व्यस्त थे, इसलिए मौके पर नहीं पहुंच सके।

- विद्यासागर चौधरी
सीएमओ लखनपुर

## अखंड भारत के प्रणेता एवं राष्ट्र नायक थे डॉ.मुखर्जी

**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय के सिटी कार्यालय स्थित सभागार में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी साधारण जीवन वाले थे तथा शिक्षा के क्षेत्र में अनेक उत्कृष्ठ कार्य किए। बीएचयू बनाने में उनका योगदान रहा है। वे प्रखर राष्ट्रवादी थे और राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखते थे। भारत एवं बंगाल को संगठित करने में उनका बड़ा योगदान रहा है।



मुकेश तिवारी ने कहा कि आजाद भारत के प्रथम सरकार में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उद्योग मंत्रालय का प्रभार दिया गया था उन्होंने देश की भौगोलिक स्थिति के अनुसार कई अत्याधुनिक कारखाने स्थापित करने की पहल की। 33 वर्ष की आयु में वे बंगाल विश्वविद्यालय के कुलपति नियुक्त हुए। उन्होंने जम्मू एंड कश्मीर में परमिट सिस्टम को समाप्त किया और पूरे देश को यह संदेश दिया कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं हो सकते। कैलाश मिश्रा ने कहा कि आप ऊर्जावान होने के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित करें और उसे प्राप्ति तक संकल्पित रहें। आप अपने लिए ही नहीं बल्कि समाज के लिए भी परोपकारी कार्य के लिए तत्पर रहे जिससे भारत एक सशक्त देश के रूप में विकसित हो सके। कुलसचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में बताया तथा कहा कि राशि के आभाव में विश्वविद्यालय के अधूरे निर्माण समय पर पूरे नहीं हुए तो निर्माण अनुपयोगी हो जाएगें। न केवल सरगुजा संभाग बल्कि पूरे प्रदेश को आर्थिक हानि होगी। कार्यक्रम का संचालन खेमकरण अहिरवार एवं धन्यवाद ज्ञापन, हरिशंकर प्रसाद टोण्डे ने किया। अंत में अतिथियों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

### देवर ने पत्नी के साथ मिलकर की भाभी की पिटाई

**अम्बिकापुर।** लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम गढबीरा निवासी श्रीमती दिलबासो पति गंभीर साय टोप्पो बुधवार को घर में थी तभी देवर मुनेश्वर टोप्पो की बकरी बाड़ी में आ गई। बकरी को मक्का बाड़ी में देख दिलबासो भगाने लगी तभी देवरानी राजमोहिनी ने देख बकरी को मारने से मना किया जिससे दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ जाने पर मुनेश्वर भी मौके पर पहुंच गया और पत्नी के साथ मिलकर भाभी की जमकर पिटाई कर दी। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई।

## आईजीएस की वाटरशेड एवं आजीविका परियोजनाओं का डॉ. अनिनीदा गुप्ता ने किया निरीक्षण

**राजपुर।** इंडियन ग्रामीण सर्विसेज द्वारा विकासखंड की 52 ग्राम पंचायतों में संचालित वाटरशेड एवं आजीविका परियोजनाओं का दो दिवसीय निरीक्षण डॉ. अनिनीदा गुप्ता ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, जल संरक्षण एवं आजीविका संवर्धन से जुड़े कार्यों का जायजा लेते हुए परियोजनाओं के प्रभाव और गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। भ्रमण के दौरान डॉ. गुप्ता ने विभिन्न गांवों में निर्मित चेक डैम, स्टैगर्ड कंटूर ट्रेंच सहित जल एवं मृदा संरक्षण संरचनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने इन कार्यों की उपयोगिता, रखरखाव और ग्रामीणों को मिल रहे लाभ की जानकारी ली। साथ ही उत्पादक समूहों के सदस्यों से चर्चा कर उनकी गतिविधियों, उपलब्धियों तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। लाऊ ग्राम में डॉ. गुप्ता ने मचान पद्धति से सब्जी उत्पादन एवं बकरी पालन से जुड़े हितग्राहियों से मुलाकात की। उन्होंने संस्थान द्वारा दिए जा रहे तकनीकी सहयोग, प्रशिक्षण और अन्य सुविधाओं के संबंध में हितग्राहियों से फीडबैक लिया। ग्रामीणों ने बताया कि परियोजना के सहयोग से कृषि और पशुपालन में सुधार हुआ है तथा उनकी आय में वृद्धि के नए अवसर विकसित हुए हैं। निरीक्षण के दौरान डॉ. गुप्ता ने राजपुर ब्लॉक में निर्मित आजीविका डबरियों का भी अवलोकन किया। उन्होंने हितग्राहियों से मछली पालन, डबरी की मेड़ों पर सब्जी उत्पादन और फलदार पौधों के रोपण की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए इन गतिविधियों को ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने, पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।




## डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट क्लस्टर 2 का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को डीएवी राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता क्लस्टर-II का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ ज़ोन के क्षेत्रीय अधिकारी प्रशांत कुमार एवं सह-क्षेत्रीय अधिकारी मौलिका मुखर्जी के मार्गदर्शन तथा विद्यालय की प्राचार्या एवं वेन्यू इंचार्ज के नेतृत्व में किया गया।

- 10 विद्यालयों के 208 प्रतिभागियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में दिखाई अपनी प्रतिभा

एक दिवसीय प्रतियोगिता में 4 डीएवी पब्लिक स्कूल (बिश्रामपुर, भटगांव, पांडवपारा एवं चिरमिरी) तथा 6 डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल (कनकनगर, जमड़ी, भंवरमाल, कालामंजन, सकरिया एवं पतरातू) के 208 खिलाड़ी शामिल हुए। इनमें 136 छात्र और 72 छात्राएं विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने पहुंचे। प्रतियोगिता में दौड़, गोला फेंक, तवा फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद, स्केटिंग और जूडो सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि एसईसीएल बिश्रामपुर के महाप्रबंधक संजय सिंह रहे। विशिष्ट अतिथियों में एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर श्याम सुंदर रात्रे, डीएवी पांडवपारा के प्राचार्य पीएल वर्मा, एसकेएमएस यूनियन के पंकज गर्ग सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएवी गान से हुआ,मुख्य अतिथि ने क्रीड़ा ध्वज फहराकर मशाल प्रज्ज्वलित किया। विद्यालय के स्कूल हेड बॉय राघवेन्द्र सिंह ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की शपथ दिलाई। इसके बाद विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने अनुशासनबद्ध मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि संजय सिंह ने खिलाड़ियों से हार-जीत से ऊपर उठकर खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया।



स्कूल की प्राचार्या ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि क्लस्टर स्तर के विजेता खिलाड़ी जोनल स्तर की डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट के लिए चयनित होंगे, जहां से सफल प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों की स्पर्धाओं के परिणाम भी घोषित किए गए। 100 मीटर, 800 मीटर दौड़, गोला फेंक तथा जूडो सहित कई प्रतियोगिताओं में विश्रामपुर, चिरमिरी, भटगांव और पांडवपारा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किए। विशेष रूप से विश्रामपुर के खिलाड़ियों ने गोला फेंक, 800 मीटर दौड़ और जूडो स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन कर कई पदक अपने नाम किए। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ अध्यापिकाओं अर्पणा मिश्रा एवं शोभा नामदेव ने किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने घर से बरामद किया आधा बोरी नशीला कैप्सूल

**अम्बिकापुर।** सीतापुर क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम के हाथ उस समय बड़ी सफलता लगी जब टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक ग्रामीण के घर से आधा बोरी नशीला कैप्सूल बरामद किया। टीम ने 3 हजार 528 नग नशीला कैप्सूल जब्त कर सीतापुर क्षेत्र के दो नशे के सौदागरों गिरफ्तार किया।

- नशे के दो सौदागरों को किया गिरफ्तार



नशीली दवाइयों के खिलाफ संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ऑपरेशन क्लीन के तहत सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में नशे के सौदागरों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। 10 जुलाई को सीतापुर क्षेत्र में गश्त के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना सीतापुर अंतर्गत ग्राम केसला निवासी सजाद अली अपने घर में भारी मात्रा में नशीला कैप्सूल रखकर बेच रहा है। सूचना पर तत्काल आबकारी उड़नदस्ता टीम ने केसला में सजाद अली के घर में छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान सजाद अली घर पर मौजूद मिला, उसके घर की तलाशी में उसके शयन कक्ष से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में कुल 3 हजार 528 नग नशीला कैप्शूल बरामद किया। पूछताछ में आरोपी सजाद खान ने बताया कि उसके पास से जब्त नशीला कैप्सूल धेलसरा थाना सीतापुर निवासी महबूब खान का है जो रिश्ते में भांजा है। सूचना पर .तत्काल आबकारी उड़नदस्ता टीम ने धेलसरा निवासी महबूब खान के घर दबिश देकर महबूब खान को भी गिरफ्तार कर लिया। सजाद खान और महबूब खान के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी व 29 के तहत गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय नार्कोटिक्स में पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में मुख्य आबकारी आरक्षक अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडेय, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह सक्रिय रही।







